Helpline No.:-+91 7597122440

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551–75

परीक्षा केन्द्राधीक्षकों को निर्देश

ध्यान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आयोजन दिवस को छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति अंकित नहीं की जा रही है एवं कतिपय महाविद्यालयों द्वारा पूर्ण सावधानी से ऑनलाइन उपस्थिति अंकित नहीं की जा रही है, कतिपय महाविद्यालयों द्वारा लापरवाही से ऑनलाइन उपस्थिति भरते समय उपस्थित छात्र को अनुपस्थित अथवा अनुपस्थित छात्र को उपस्थित दर्शा दिया जाता है। महाविद्यालयों की इस लापरवाही के कारण विश्वविद्यालय को उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम जारी करने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है एवं छात्रों को भी उपस्थित रहते हुए अनुपस्थित दर्शाने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः समस्त परीक्षा केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा आयोजन दिवस को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे में छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति केन्द्राधीक्षक के समक्ष संपूर्ण मिलान करने के पश्चात् प्रविष्ठ कर लॉक करें। भविष्य में किसी भी परीक्षा केन्द्र द्वारा लापरवाही से उपस्थित छात्र को अनुपस्थित अथवा अनुपस्थित छात्र को उपस्थित दर्शाया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी केन्द्राधीक्षक की होगी एवं परिवर्तन संभव नहीं हो सकेगा।

अतः समस्त परीक्षा केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया जाता है छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति पूर्ण सावधानी से भरना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प(182-III)/जरारासंविवि/परी.–गोप./2025/ 3828-31

दिनांक : 21/01/25

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. निदेशक शैक्षणिक परिसर, जरारासंविवि, जयपुर
3. प्रभारी बेवसाइट, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को बेवसाइट पर अपलोड करावें।
4. संबंधित गोपनीय कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना पर पोर्टल पर अपलोड करावें।

परीक्षा नियंत्रक